# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत आज दिनांक 24.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के अलावा जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के बारे में सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 24.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रामअधार सिंह थाना मानकिपुर व उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 152/024 धारा 306,406,411 भादवि0 के शेष 02 अन्य आरोपी अभियुक्त 1. पप्पू यादव 2. मुन्ना यादव पुत्रगण श्याम यादव निवासीगण ग्राम नागर थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से बहिन के जेवर बरामद हुए। माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री रामअधार सिंह थाना मानकिपुर

2.आरक्षी चालक लोकेन्द्र

3.मुख्य आरक्षी कमलाकान्त द्विवेदी

**(4).** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह एवं पैरोकार आरक्षी मनीष यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्री विनोद कुमार शुक्ला व उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अपर शासकीय अधिवक्ता श्री अजय कुमार सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री अनुराग कुरील द्वारा पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं थाना बहिलपुरवा में पंजीकृत मु0अ0सं0 97/017 धारा 304 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1. रामऔतार पुत्र शिवप्रसाद रैदास निवासी कमासिन जनपद बांदा को 08 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 28.07.017 को वादी रामविलास वर्मा पुत्र रामचरन वर्मा द्वारा थाना बहिलपुरवा पर सूचना दी कि अभियुक्तगणों द्वारा उसके लड़के सोनू को पैसे के लेन देन के विवाद में लाठी डण्डों से मारा जिससे उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। घटना के सम्बन्ध में थाना बहिलपुरवा में मु0अ0सं0 97/017 धारा 304 भादवि0 पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन उ0नि0 श्री सुरेशचन्द्र कुशवाहा द्वारा सम्पादित की गयी। दिनाँक 30.07.2017 को आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर दिनाँक 16.10.2017 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया।

**(5).** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी प्रशान्त कुमार तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्री विनोद कुमार शुक्ला व उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री शशिकान्त यादव द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट श्री राममणि पाठक द्वारा पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं थाना कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 346/2015 धारा 307/34 भा0द0वि0 के आरोपी अभियुक्त 1. गुरू प्रसाद नामदेव पुत्र रामलाल 2. नागेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र रामलाल 3. श्रीमती कलावती देवी पत्नी रामलाल निवासीगण मोहल्ला तरौहा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 07-07 वर्ष का कारावास व 05-05 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 01.05.2015 को वादी बबलू धोबी पुत्र शारदा धोबी निवासी तरौहा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना कोतवाली कर्वी पर सूचना दी कि अभियुक्तगणों द्वारा वादी के चाचा सूरज प्रसाद पुत्र भैरव प्रसाद को जान से मारने की नियत से गोली मारकर घायल कर देना। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में 0अ0सं0 346/2015 धारा 307/34 भा0द0वि0 3(2)5 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट में पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर श्री श्रीपाल यादव द्वारा सम्पादित की गयी। दिनाँक 05.05.2015 को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा दिनाँक 26.05.2015 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया।

**(6).** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन बचपन के क्रम में आज दिनाँक 24.10.2024 प्रभारी निरीक्षक थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग श्री शिवमूरत यादव के मार्गदर्शन में एएचटीयू थाना की टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय अरखन पुरवा चौकी क्षेत्र सीतापुर में आयोजित कर बच्चों व गांव की महिलाओं को बालश्रम तथा बाल विवाह न करने के प्रति जागरूक किया गया तथा पंपलेट वितरण कर सरकार द्वारा चलाए जा

रहे हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जानकारी दी गई इस दौरान भरतकूप थाना क्षेत्र के खाद्यानों में हो रहे बालश्रम की चेकिंग की गई तथा खाद्यान मालिकों को हिदायत दी गयी कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम न कराया जाये तथा पम्पलेट्स वितरित कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076,साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930,वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 दी गयी।

इस दौरान घुमंतू परिवार के लोगों को यह भी हिदायत दी कि बच्चों से बाल श्रम व भीख ना मंगवाए स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान बाल कल्याण अधिकारी श्री सौरभ सिंह,उपनिरीक्षक श्री सदानंद सिंह थाना एएचटीयू उपस्थित रहे।

**(7).** आज दिनाँक 24.10.2024 को अपर जिलाधिकारी श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी नगर सुश्री पूजा साहू एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल की उपस्थिति में दिपावली मेंला में लगने वालें पटाका के दुकानों का गल्ला मण्डी में सम्भावित स्थनों का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा दिपावली मेला में किसी प्रकार की घटना होने पर उपस्थित लोगो को तुरन्त सूचना देने हेतु बताया गया।

इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता नगर पालिका श्री लालाजी यादव व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

**(8).** आज दिनाँक 24.10.2024 को आगामी त्यौहार धनतेरस व दीपावली/ कार्तिक अमावस्या मेला को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल की उपस्थिति में कोतवाली कर्वी पुलिस बल के साथ कर्वी शहर के धतुरहा चौराहा,शंकर बाजार शर्राफा बाजार,स्टेशन रोड व धनुष चौराहा एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों,संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछताछ की गयी।
पैदल गस्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(9).** मुख्य अतिथि मां राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/ जनपद प्रभारी मंत्री श्री मनोहर लाल जी (मुन्नू कोरी) के में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री लव कुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक बांदा चित्रकूट के अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, मां अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी श्री नरेन्द्र गुप्ता, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की उपस्थिति में स्टेडियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट के तत्वावधान में राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें माननीय प्रभारी मंत्री ने स्टेडियम में 16 मंडलों से आई महिला वॉलीबॉल प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया, तथा विजई खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भी दिया गया। माननीय प्रभारी मंत्री जी ने खिलाड़ियों से कहा कि आप खेल में प्रगति बनाए रखें और माता-पिता का नाम रोशन करें यह कार्य बहुत सुंदर है अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति छात्र-छात्राएं पीछे से आगे आएंगे तभी हमारे देश व प्रदेश का विकास संभव है उन्होंने प्रदेश स्तर के महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुई सभी मंडलों के प्रतिभागियों को बधाई भी दी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी श्री विजय कुमार ने खेल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सच्ची उत्तर प्रदेश वालीबाल संघ श्री सुनील कुमार तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री आलोक पांडे श्री सुरेश अनुरागी भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य श्री आनंद त्रिपाठी श्री रवि गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

जिला सूचना कार्यलय चित्रकूट